आदेश और पदाधिकारी का हस्ताक्षर	आदेश की गई कार्रवाई के बारे में टिप्पणी तारीख सहित

न्यायालय अपर समाहर्त्ता, गढ़वा

भूमि बिक्री अनुमति वाद सं०–102/2021

सी० एन०टी० एक्ट की धारा 46(1)(B) के अंतर्गत

श्री जनेश्वर रजवार वगैरह—विक्रेता

प्रति

श्रीमती स्मिती कुमारी—क्रेता

आदेश

अभिलेख उपस्थापित। आवेदक (विक्रेता) श्री (1) श्री जनेश्वर रजवार, पिता–स्व० नान्हू रजवार, (2) रूकमणी देवी, पति अनिल रजवार, ग्राम–नारायणपुर, पोस्ट–सोह, थाना–गढ़वा, जिला–गढ़वा ने नीचे दर्ज निम्नांकित भूमि को क्रेता, श्रीमती स्मिता कुमारी, पति–आलोक कुमार, ग्राम–हसकेर, पोस्ट–सोह, थाना–गढ़वा, जिला–गढ़वा को छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम की धारा 46(1)(B) के अंतर्गत भूमि बिक्री करने हेतु आवेदन पत्र दिया है। उक्त आवेदन पत्र पर अंचल अधिकारी, गढ़वा से आवेदन पत्र में वर्णित भूमि पर जाँच कर विहित प्रपत्र में स्पष्ट अनुशंसा के साथ एवं आम इश्तेहार का विधिवत तामिला कराकर प्रतिवेदन की मांग की गई। अंचल अधिकारी, गढ़वा का जाँच प्रतिवेदन उप समाहर्त्ता भूमि सुधार, गढ़वा के पत्रांक 45/दिनांक 02.02.2022 के प्राप्त हुआ, एवं विक्रेता के द्वारा प्रतिवेदित भूमि के संबंध में आवश्यक कागजात प्रस्तुत किया गया।

प्राप्त जाँच प्रतिवेदन एवं विक्रेता के द्वारा प्रस्तुत कागजातों के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि प्रस्तावित भूमि का विक्रेता के स्वयं एवं अन्य के नाम से मांग पंजी II के पृष्ट सं०–20/4 पर मांग चलता है। विक्रेता जाति के रजवार (अनुसूचित जाति) एवं क्रेता जाति के चमार (अनुसूचित जाति) के सदस्य है, विक्रेता एवं क्रेता दोनों एक ही जिला गढ़वा के निवासी हैं। विक्रेता प्रस्तावित भूमि बिक्री करने के पश्चात् भूमिहीन नहीं होते हैं। प्रस्तावित भूमि आवेदक (विक्रेता) के शांतिपूर्ण दखल–कब्जे में हैं। यह भूमि भूदान, भू–हदबंदी, वन सीमा इत्यादि से मुक्त है।

उप समाहर्त्ता भूमि सुधार, गढ़वा एवं अंचल अधिकारी, गढ़वा के जाँच प्रतिवेदन/अनुशंसा के आलोक में आवेदक (विक्रेता) श्री (1) श्री जनेश्वर रजवार, पिता–स्व० नान्हू रजवार, (2) रूकमणी देवी, पति अनिल रजवार, ग्राम–नारायणपुर, पोस्ट–सोह, थाना–गढ़वा, जिला–गढ़वा ने श्रीमती स्मिता कुमारी, पति–आलोक कुमार, ग्राम–हसकेर, पोस्ट–सोह, थाना–गढ़वा, जिला–गढ़वा को नीचे दर्ज निम्नांकित भूमि की बिक्री करने हेतु छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम की धारा 46(1)(B) के अन्तर्गत बिक्री हेतु हस्तान्तरण करने हेतु स्वीकृति दी जाती है।

भूमि का विवरण:–

ग्राम	थाना सं०	खाता सं०	प्लॉट सं०	रकबा (एकड़ में)	चौहद्दी
नरायणपुर	348	19	466	0.08	उ०–मनदीप रजवार, द०–विक्रेता द्वारा छोड़ा गया रास्ता, पू०–नीज विक्रेता, प०–रास्ता,
			कुल रकबा:–	0.08	

आदेश की प्रति आवश्यक कार्रवाई हेतु जिला अवर निबंधक, गढ़वा को भेजे।

लेखापित एवं संशोधित।

06/04/22

अपर समाहर्त्ता
गढ़वा

06/04/2022

अपर समाहर्त्ता
गढ़वा

Digitally signed by Pankaj Kumar Singh
Date: 2022.12.05 16:11:02 +05:30
Location: 192.168.36.160

Scanned with CamScanner